हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 27 दिसंबर 2025

06 नगर में प्रशासन ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम...



07 वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में लगाया बाल मेला





## समाचार संक्षेप

### चंदेल चिडार क्षत्रिय समाज द्वारा दी जाएगी श्रद्धांजलि

**गुना।** चंदेल चिडार क्षत्रिय समाज गुना द्वारा 28 दिसंबर रविवार को दोपहर ग्यारह बजे बजरंगगढ़ रोड स्थित महर्षि आश्रम के सामने हनुमान मंदिर पर बैठक आयोजित की गई है जिसमें सागर एवं सकनपुर में घटित घटनाओं में मृतकों को श्रद्धांजलि तथा आगामी जनवरी 26में मां नर्मदा जयंती मनाने पर विचार विमर्श किया जाना है अतः अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने का अनुरोध अध्यक्ष नारायण लाल मैयर ने किया है, समय का विशेष ध्यान रखें।

### संप्रेक्षण गृह गुना में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का किया आयोजन




**गुना ।** संप्रेक्षण गृह गुना में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था में निवासरत बालकों ने चित्रकला प्रतियोगिता व निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया व अपने विचार रखें। कार्यक्रम के शुभारंभ का दीप प्रज्वलन रितुश्री गुप्ता प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट एवं किशोर न्याय बोर्ड गुना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति गुना की अध्यक्ष नीरू शर्मा व सदस्य श्रीमती अनुसुईया रघुवंशी, रेणु मिश्रा, रवीन्द्र रघुवंशी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।सहायक संचालक दिनेश चंदेल द्वारा वीर बाल दिवस क्यों मनाया जाता है विस्तार से बताया गया एवं श्री यश दुबे न्यायिक मजिस्ट्रेट गुना द्वारा नैतिक मूल्यों व जीवन में शिक्षा का महत्व बताया।इस अवसर पर जिला विधिक सेवा अधिकारी सर्वेश चर्तुवेदी एवं संप्रेक्षण ग्रह का स्टाफ भी उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन व सभी अतिथियों का धन्यबाद ज्ञापित परिवीक्षा अधिकारी आशीष रघुवंशी के द्वारा किया गया ।

### ग्राम खटकिया में प्राकृतिक खेती योजनांतर्गत कृषकों को किया जागरुक



**गुना।** जिले में प्राकृतिक खेती योजनांतर्गत कलेक्टर शकिशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं उप संचालक कृषि श्री संजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आज ग्राम खटकिया तहसील कुम्भराज में कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती करने के लिए किसानों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड चांचौडा रामदास सिलावट द्वारा बताया गया कि प्राकृतिक खेती को कर हम रासायनिक उर्वरकों पर जो खर्चा आ रहा है, उसको हम कम कर सकते है तथा प्राकृतिक उत्पाद जैसे कि जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृतघर पर बनाकर मिट्टी के स्वास्थ्य को सही रख सकते है तथा मानव स्वास्थ्य को भी सही कर सकते है। कार्यक्रम में कृषि विस्तार अधिकारी सुनील प्रजापति द्वारा बताया गया कि प्राकृतिक खेती कर कैसे किसान अपनी आय को दोगुना कर सकते है, क्योंकि जो प्राकृतिक खेती में जो भी संसाधन उपयोग किये जाते है, वह किसान खुद अपने यहाँ उपलब्ध सामग्री से तैयार करता है और उस पर न्यूनतम खर्च आता है।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत आरोन हॉस्पिटल में ईपीएमएसएमए शिविर का आयोजन



**गुना ।** प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत EPMSMA शिविर का आयोजन आरोन हॉस्पिटल परिसर में किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं मरीजों ने भाग लेकर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श का लाभ उठाया। शिविर के दौरान 31 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उनमें से 12 महिलाओं को अल्ट्रासाउंड (USG) जांच के लिए रेफर किया गया। इसके अतिरिक्त ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन, वजन आदि की जांच की गई तथा आवश्यक दवाएँ निःशुल्क वितरित की गईं। चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, टीकाकरण, स्वच्छता, प्रसव पूर्व जांच एवं सुरक्षित प्रसव के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई।
यह शिविर सीबीएमओ डॉ. के. एन. भिलवारे के निर्देशन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल संचालन में स्वास्थ्य विभाग की टीम, एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा।

### खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन में संलिप्त 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**गुना।** खनिज अधिकारी सचिन वर्मा के निर्देशन में खनिज अमले द्वारा मधुसूधनगढ क्षेत्र भ्रमण के दौरान 03 ट्रैक्टर-ट्राली चैसिस क्रमांक RFBD00159GC, MP40AC1857 एवं 01 न्यू हौलण्डे ट्रैक्टर बिना चैसिस/नंबर के बगैर अनुमति के एमसेण्ड/गिटटी का अवैध परिवहन/उत्खनन/भण्डारण करते पाये जाने पर थाना-मक्सूनदनगढ एवं जामनेर की अभिरक्षा में रखे गये हैं।

## वीर साहिबजादों ने राष्ट्र, धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए दिया सर्वोच्च बलिदानः हितानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुरु गोबिन्द सिंह महाराज के चार साहिबजादों का बलिदान राष्ट्र, धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान है, और उनके अदम्य साहस और वीरता की यह अमर गाथा युगों-युगों तक राष्ट्रभक्ति, धर्मनिष्ठा और कर्तव्यनिष्ठ जीवन हेतु सभी का पथ आलोकित करती रहेगी,यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने वीर बाल दिवस के अवसर पर गुना स्थित श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में आयोजित कार्यक्रम में कही ।उनका अद्वितीय साहस, अटूट आस्था और अन्याय के विरुद्ध अडिग संकल्प मानव इतिहास में वीरता और त्याग का अमर प्रतीक है। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को धर्म, सत्य और राष्ट्ररक्षा के मार्ग पर सदैव प्रेरित करता रहेगा।वीर बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को यह संदेश देना है कि उम्र छोटी होने पर भी विचार और साहस महान हो सकते हैं। यह दिन हमें सच्चाई, धर्म, देशभक्ति और आत्मसम्मान के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है।वीर बाल दिवस केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि बच्चों में नैतिक मूल्यों और वीरता की भावना जाग्रत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।यहाँ बात ध्यान में रखने वाली है कि पूर्व की सरकारों के समय में जब बाल दिवस की बात होती थी तो पंडित जवाहर लाल नेहरु ने जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता था लेकिन हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी गुरुगोबिंद सिंह जी के चार चार साहबजादों ने जिन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के लिए,भारत की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए विदेशी आक्रांताओं के सामने शीश नहीं झुकाया और अपने प्राणों का बलिदान देकर अपने स्वाभिमान की रक्षा की ,ऐसे चार चार साहबजादों के बलिदान को जीवंत बनाने के लिए वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय लिया था। इस दौरान जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, जिला महामंत्री संतोष धाकड़, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा, हरिसिंह यादव, राधेश्याम पारीख, अरुण चतुर्वेदी, सुशील दहिफले, अर्जुन राजपूत, परेश भार्गव, मोहित नामदेव, ओमप्रकाश राठौर, दिलीप सेन, दिनेश शर्मा, बृजेश राठौर आदि उपस्थित रहे ।



### जिले को राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाली 69वीं 14 वर्षीय बालक राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

## खेल प्रेमियों को किसी बड़े नेता के आने की थी उम्मीद पर ऐसा नहीं हो सका

### प्रतियोगिता में देशभर से आए होनहार मुक्केबाज दिखाएंगे अपना दम





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

राष्ट्रीय खेल हॉकी के बाद खेल के क्षेत्र में गुना जिले को राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाली 69वीं 14 वर्षीय बालक राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में किया गया। कलेक्टर की मौजूदगी में दो खिलाड़ियों के बीच शो मैच हुआ जिसमें उन्होंने जमकर जोर आजमाइश दिखाई।

इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से होनहार मुक्केबाज गुना पहुँचे हैं, जिससे जिले में इस आयोजन को लेकर उत्साह और चहल-पहल का माहौल बन गया है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के 27 राज्यों एवं 7 संगठनों की टीमें भाग ले रही हैं। दोपहर 2 बजे विधिवत उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें आयोजकों ने खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए खेल को अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बताया।आयोजन समिति के अनुसार यह प्रतियोगिता 26 दिसंबर से 31 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शिक्षा विभाग,खेल विभाग, जिला प्रशासन, बॉक्सिंग संघ तथा स्वयंसेवकों द्वारा व्यापक व्यवस्थाएँ की गई हैं। खिलाड़ियों के ठहराव, भोजन, चिकित्सा और सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं।हालाँकि, इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन के शुभारंभ अवसर पर किसी राष्ट्रीय अथवा प्रदेश स्तरीय जनप्रतिनिधि की अनुपस्थिति खेल प्रेमियों को खली। खेल जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि ऐसे आयोजनों में सांसद, प्रभारी मंत्री या किसी वरिष्ठ जनप्रतिनिधि की उपस्थिति से न केवल जिले की प्रतिष्ठा बढ़ती , बल्कि दूर-दराज़ से आए खिलाड़ियों का मनोबल भी ऊँचा होता है। खेल प्रेमियों ने उदाहरण देते हुए बताया कि अन्य जिलों में जब यह प्रतियोगिता आयोजित हुई, तब वहाँ क्षेत्रीय सांसद या प्रभारी मंत्री ने उपस्थित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाई और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।इसके बावजूद, खिलाड़ियों और आयोजकों में प्रतियोगिता को लेकर उत्साह चरम पर है। स्थानीय खेल प्रेमियों को उम्मीद है कि यह आयोजन गुना जिले को खेल मानचित्र पर और सशक्त पहचान दिलाएगा तथा यहाँ के उभरते खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।



## कुशवाह समाज का परिचय सम्मेलन 28 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना श्रीराम जानकी कुशवाह विवाह सम्मेलन समिति के पदाधिकारियों द्वारा शुक्रवार को एक प्रेसवार्ता का आयोजन साक्षी इलेक्ट्रिकल्स कैन्ट में किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष नरेश कुशवाह , कार्यकारी अध्यक्ष प्रीतम सिंह कुशवाह, महामंत्री रणवीर सिंह कुशवाह , संरक्षक एवं कार्यक्रम प्रभारी नंदराम कुशवाह, उपाध्यक्ष सीताराम कुशवाह सिलावटी, रघुवीर कुशवाह नेताजी समाजसेवी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्रेस वार्ता में बताया कि गुना श्रीराम जानकी कुशवाह विवाह सम्मेलन समिति जिला गुना के तत्वावधान में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 28 दिसम्बर रविवार को प्रातः11बजे से प्रदेश स्तरीय कुशवाह समाज का प्रदेश स्तरीय 12 वां युवा - युवती परिचय सम्मेलन कुशवाह मांगलिक भवन बूढ़े बालाजी हनुमान टेकरी रोड़ गुना में आयोजित किया जा रहा है । इस अवसर पर एक स्मारिका (पत्रिका) का विमोचन किया जायेगा गुना जिले के प्रतिभाशाली छात्र - छात्राओं का सम्मान भी किया जायेगा । परीक्षा वर्ष 2025 में 10 वीं एवं 12 वीं में 75 या इससे अधिक अंक प्राप्त किये प्रतिभाशाली छात्र- छात्राओं एवं ऐसे समाज बन्धुओं का भी सम्मान किया जायेगा ।जिन्होंने विशेष पद / योग्यता पाकर समाज का गौरव बढ़ाया है ।समिति के पदाधिकारियों ने समस्त समाज बन्धुओं को परिचय सम्मेलन में सादर आमंत्रित किया है ।एवं सभी समाज बंधुओ से आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है ।

## कार सहित 8 पेटी देसी शराब जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के संवेदनशील एवं सशक्त नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में अवैध एवं अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं, कारोबारियों, तस्करों आदि के विरूद्ध सतत एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रहीं हैं । कैंट थाना थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम ने बीती रात अवैध शराब के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए एक तस्कर गिरफ्तार कर जिसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शराब एवं तस्करी में प्रयुक्त कार जप्त करने में महत्पूर्ण सफलता हासिल की गई है । दिनांक 25 दिसंबर 2025 की रात्रि में कैंट थाना पुलिस को खास मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम इमझरा की ओर से एक टियागो कार क्रमांक MP39 C 2514 से दो व्यक्ति अवैध देशी शराब की पेटियां लेकर गुना आ रहे हैं । अवैध शराब तस्करी की इस सूचना के मिलते ही शराब तस्करों पर कार्रवाई हेतु तत्काल कैंट थाने से पुलिस की एक टीम इमझरा गांव के रोड़ की पुलिया पर पहुंची और घात लगाकर कार के आने का इंतजार किया एवं कार के आने पर पुलिस ने कार को रोकने का प्रयास किया, इस दौरान एक व्यक्ति अंधेरे का




फायदा उठाकर फरार हो गया, किंतु कार चालक को पुलिस ने बमुश्किल से पकड़ लिया गया । जिसने पूछताछ पर अपना नाम संदीप पुत्र सुरेश जाट उम्र 30 साल निवासी ग्राम चौरोल थाना कैंट गुना का होना बताया एवं कार की तलाशी लेने पर उसकी डिग्गी से देशी शराब की कुल 08 पेटियां बरामद हुई । कार चालक संदीप जाट से उक्त शराब के रखने एवं परिवहन करने संबंधी दस्ताबेज मांगे जाने पर उसके द्वारा कोई दस्ताबेज नहीं होना बताया, जिससे आरोपी का यह कृत्य आबकारी एक्ट की परिधि में आने से जिससे बरामद देसी शराब की 08 पेटियां (कुल 400 क्वाटरों में 72 लीटर शराब) कीमती 40 हजार रूपये एवं शराब तस्करी में प्रयुक्त टाटा टियागो कार कीमती 4.50 लाख रूपये सहित कुल 4,90,000/-रूपये का माल विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया । आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ पर उक्त शराब अशोकनगर तरफ से खरीदकर गुना में बेचने के लिए लेकर आना बताया एवं फरार हुए अपने साथी का नाम अईया जाट निवासी ग्राम रिछैरा का होना बताया । जिससे दोनों आरोपियों के विरूद्ध कैंट थाने में अप.क्र. 1132/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट, 49 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है ।

गुना पुलिस की अवैध शराब के विरूद्ध इस कार्रवाई से स्पष्ट संदेश है कि जिले में अवैध शराब का कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । बल्कि यह भी प्रमाण है कि जिले में अवैध गतिविधियों के विरूद्ध गुना पुलिस द्वारा 'जीरो टॉलरेंस' नीति सख्ती से लागू की जा रही है। अवैध शराब के विरुद्ध कैंट थाना पुलिस की इस उल्लेखनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक दीपेन्द्र परिहार, लक्ष्मीनारायण पारस, आरक्षक मयंक गोस्वामी, आरक्षक गौरव देवलिया एवं आरक्षक सूर्यभान जाट की सराहनीय भूमिका रही है।

## रहवासियों ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन, डिप्टी कलेक्टर से सुरक्षित विस्थापन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के वार्ड नंबर 3, 4 और 5 में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक से परेशान जागरुक नागरिकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया को ज्ञापन सौंपा। सेवानिवृत्त शिक्षक नसीम कुरैशी के नेतृत्व में पहुंचे रहवासियों ने मांग की है कि नगर के आवारा कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकडक़र किसी संरक्षित स्थान पर भेजा जाए, ताकि आम जनता और विशेषकर बच्चे भयमुक्त वातावरण में रह सकें। ज्ञापन सौंपते हुए नसीम कुरैशी ने बताया कि आवारा कुत्तों के कारण शहर में रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी का खतरा बढ़ गया है। हाल ही में कर्नलगंज स्थित हेड पोस्ट



ऑफिस के पास उनके बड़े भाई रिटायर्ड शिक्षक पर कुत्तों के झुंड ने पीछे से हमला कर दिया, जिससे वे घायल होकर गिर पड़े। इसी तरह वार्ड के अन्य कई लोग भी कुत्तों के काटने का शिकार हो चुके हैं। रहवासियों ने सवाल उठाया कि यदि कुत्तों के हमले से किसी की जान जाती है, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? डिप्टी कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए रहवासियों को आश्वस्त किया कि प्रशासन इस गंभीर समस्या से अवगत है और कुत्तों को सुरक्षित स्थान पर विस्थापित करने की कार्ययोजना पर पहले से ही विचार-विमर्श किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने दिए निर्देश

## रेड व ब्लू श्रेणी के डस्टबिन का पृथक-पृथक उपयोग सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शुक्रवार को जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पैथोलॉजी लैब में स्थापित आधुनिक CLIA मशीन की जानकारी ली, जिसके माध्यम से HIV, HBsAg, VDRL एवं SCB जैसे महत्वपूर्ण परीक्षण किए जा रहे हैं। जिसमें बताया गया कि इस तकनीक से गंभीर बीमारियों की शीघ्र पहचान संभव हो पाती है, जिससे समय पर उपचार सुनिश्चित किया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री कन्याल ने चिकित्सालय परिसर में येलो, रेड एवं ब्लू श्रेणी के डस्टबिन का पृथक-पृथक उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि बायो-मेडिकल वेस्ट का वैज्ञानिक एवं सुरक्षित प्रबंधन किया जा सके। इसके पश्चात उन्होंने ब्लड बैंक का निरीक्षण कर ब्लड डोनेशन एवं ब्लड डिस्ट्रीब्यूशन की स्थिति की समीक्षा की। जिसमें बताया गया 4 रक्तदाताओं से रक्त संग्रह किया गया तथा 12 मरीजों को रक्त उपलब्ध कराया गया। कलेक्टर ने यह भी जाना कि किन ब्लड ग्रुप्स की मांग अधिक रहती है। उन्होंने ब्लड बैंक को सुव्यवस्थित रखने, नियमित रूप से डोनर्स से संपर्क बनाए रखने तथा



योजनाबद्ध तरीके से ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री कन्याल ने एनसी, मैटरनिटी वार्ड एवं SNCU यूनिट का निरीक्षण कर वहां भर्ती महिलाओं, नवजात शिशुओं एवं उनके परिजनों से संवाद किया। उन्होंने माताओं को पोषण आहार लेने की समझाइश दी तथा नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान वार्ड के बाहरी हिस्से में पुताई कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर चिकित्सकों ने कंगारू मदर केयर तकनीक की जानकारी दी। जिसमें बताया गया इस पद्धति से नवजात शिशु का तापमान नियंत्रित रहता है, वजन बढ़ता है और समग्र शारीरिक विकास में सहायता मिलती है। इसके बाद कलेक्टर ने DEIC कक्ष, NRC, PICU एवं चिल्ड्रन वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों में जन्म के समय सिर से पैर तक होने वाले जन्मजात दोषों, उनके लक्षणों एवं उपचार प्रक्रिया की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे विषयों पर मीडिया के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता आवश्यक है, ताकि समय रहते उपचार संभव हो सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर यह भी जाना कि चिकित्सकों द्वारा दी गई स्वास्थ्य संबंधी सलाह को वे किस प्रकार समझ रहे हैं और उसका पालन कर रहे हैं।कलेक्टर श्री कन्याल ने 108 एंबुलेंस सेवा की भी समीक्षा की। हाल ही में घटित एक घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने समय पर एंबुलेंस के पहुंचने को सराहनीय बताया और इसी तत्परता के साथ सेवाएं जारी रखने के निर्देश दिए। बैठक के समापन पर कलेक्टर श्री कन्याल ने ट्रैफिक पुलिस को जिला चिकित्सालय के समन्वय से हेलमेट अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि सड़क सुरक्षा को लेकर आमजन में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

## समाचार संक्षेप

### हिन्दुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग राघौगढ़ में वीर बाल दिवस का सफल आयोजन

**राघौगढ़।** हिन्दुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग राघौगढ़ में 26 दिसंबर 2025 को वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वीर बाल दिवस सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी के साहब जदों के धर्म और मानवता के लिए बलिदान और त्याग के रूप में मनाया जाता है इस अवसर पर मुख्य अतिथि संतोष कुमार शर्मा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राघौगढ़ उपस्थित रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ) विनोद सिंह भदोरिया ने मुख्य अतिथि के साथ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूजा भाटी कार्यक्रम प्रभारी द्वारा किया गया एवं मुख्य अतिथि द्वारा वीर बाल दिवस पर अपने विचार व्यक्त किये एवं उन्होने जैविक खेती के बारे में विस्तृत्त जानकारी दी कार्यक्रम में प्रतिभागियों में प्रथम स्थान सोनम सहरिया, द्वितीय स्थान पर संजना साहू एवं अल्फिया मंसूरी रही एवं तृतीय स्थान पर श्यामा मीना, ज्योति लोधा रही कार्यक्रम के अंत में डॉ. फौजिंया बानो ने उपस्थित मुख्य अतिथि प्राचार्य प्राध्यापक गण व समस्त विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।



### अमृत 2.0 योजना के तहत 2 लाख लीटर क्षमता वाली पानी की टंकी के निर्माण कार्य का शुभारंभ

**बीनागंज।** अमृत 2.0 योजना अंतर्गत स्वीकृत 2 लाख लीटर क्षमता की ओवरहेड (OHT) पानी की टंकी के निर्माण हेतु कलेक्टर महोदय द्वारा आबंटित भूमि, वार्ड क्रमांक 11 बीनागंज पर एसडीएम एवं तहसीलदार ने स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाया।मौके पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उपयंत्री, निकाय का अमला तथा ठेकेदार मौजूद रहे। निर्माण कार्य प्रारंभ होने से वार्डवासियों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला।वार्डवासियों ने बताया कि पानी की यह टंकी बन जाने से ग्रीष्म ॠतु में होने वाली पेयजल समस्या से बड़ी राहत मिलेगी तथा क्षेत्र में सुचारू जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इस अवसर पर वार्ड के पूर्व पार्षद एवं विधायक प्रतिनिधि सुरेश प्रजापति उपस्थित रहे। उन्होंने तथा वार्डवासियों ने अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही यह भी बताया गया कि विधायक प्रियंका पेंची द्वारा क्षेत्र एवं वार्ड के विकास के लिए आगे भी अनेक कार्य कराए जाएंगे।



### एसडीएम चाचौड़ा रवि मालवीय को पत्रकारों व समाजसेवियों ने भेंट किया स्मृति चिन्ह

**चाचौड़ा।** एसडीएम चाचौड़ा रवि मालवीय का जन्मदिन सादगीपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर नगर के पत्रकारों एवं समाजसेवियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएँ दीं। एसडीएम रवि मालवीय क्षेत्र में अपनी सादगी, जनसुनवाई और समस्याओं के तुरंत निराकरण के लिए विशेष रूप से पहचाने जाते हैं।जन्मदिन कार्यक्रम में समाजसेवी निरंजन सोनी सहित चाचौड़ा–बीनागंज के कई पत्रकार उपस्थित रहे।



# युवा मोर्चा ने किया वीर बाल दिवस पर चार साहिबजादे को नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सिखों के दशम गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के वीर सपूत, साहिबजादा जोरावर सिंह जी एवं साहिबजादा फतेहसिंह जी के बलिदान दिवस "वीर बाल दिवस" के पावन अवसर पर आज शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार के निर्देशन में युवा मोर्चा जिला गुना द्वारा श्री राम कालोनी स्थित दयाल पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल गुना में वीरवाल दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से उन्हें याद किया। कार्यक्रम में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह धाकड़, वरिष्ठ भाजपा नेता विकास जैन नखराली, युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष रिंकू चौरसिया, प्राचार्य नरेंद्र दुबे, नरेश व्यास मंचासीन रहे। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती जी एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ किया गया इसी के साथ ही चार साहिबजादे की शहादत पर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिता में अमित खरे, निधि सिकरवार, जाह्नवी ओझा, उमा शर्मा, विद्या अहिरवार, मुस्कान यादव, तौफीक अली, सिद्धि त्रिपाठी, सौम्या त्रिपाठी एवं अर्पित गहलोत रही विजेता इन सभी छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वीर वाल दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा अध्यक्ष श्री धाकड़ ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के वीर साहिबजादों ने अल्पायु में ही धर्म व देश की रक्षा के लिए जो बलिदान दिए, वैसा उदाहरण इतिहास में विरल है। माता गुजरी और गुरु गोबिंद सिंह जी के संस्कारों ने साहिबजादों में मानवता की रक्षा से के जो बीज बोए, उसे क्रूर आततायियों की अमानवीय यातनाएँ भी डिगा न सकीं। चारों साहिबजादों की बलिदानगाथा हर पीढ़ी तक पहुँचे, इसलिए मोदी जी ने 'वीर बाल दिवस' मनाने की शुरुआत की।'वीर बाल दिवस' पर गुरु गोबिंद सिंह जी, माता गुजरी और वीर साहिबजादों की शहादत का स्मरण कर उन्हें नमन करता हूँ। भाजपा नेता विकास जैन ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को याद करते हुए कहा कि भारतीय राजनीति के वह अजातशत्रु थे उन्होंने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय जगत में मानवता, संवाद और मेल-मिलाप पर आधारित राजनैतिक आचार-विचार व नवाचार की शुरूआत की, जो एक मिसाल बन गई। वास्तव में वे भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे साथ ही वह जनसंघ से चुनकर संसद पहुंचने वाले वे सबसे कम उम्र के युवा सांसद थे। इस मौके पर कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मुख्य उपस्थित रहे।

# नगर में प्रशासन ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

नगर में अनुविभागीय अधिकारी रवि मालवीय, एसडीओपी मनोज झा, थाना प्रभारी चाचौड़ा एवं समस्त पुलिस प्रशासन द्वारा कलेक्टर महोदय एवं एसपी महोदय के निर्देशानुसार हेलमेट जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशासन ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और संदेश दिया कि—"मेरा हेलमेट, मेरी सुरक्षा — हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाएं।"अभियान के तहत, जो वाहन चालक हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहन चला रहे थे, उनका प्रशासन के अधिकारियों द्वारा माला पहनाकर एवं पुष्प देकर सम्मान किया गया। साथ ही, पाँच वाहन चालकों को निःशुल्क हेलमेट भी वितरित किए गए।अधिकारियों ने चेतावनी दी किबिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाते पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। नाबालिग द्वारा वाहन चलाते पाए जाने पर वाहन मालिक के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई होगी। अंत में प्रशासन ने नगरवासियों से अपील की किअपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हमेशा हेलमेट लगाकर ही दोपहिया वाहन चलाएं तथा यातायात नियमों का पालन करें।

# एसडीएम ने आंगनबाड़ी के बच्चों संग मनाया अपना व पुत्री का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

चाचौड़ा के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) रवि मालवीय ने अपने एवं अपनी बड़ी पुत्री के जन्मदिवस के अवसर पर एक सराहनीय सामाजिक पहल करते हुए महेशपुर ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुँचकर नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ जन्मदिवस मनाया।एसडीएम मालवीय अपने परिवार एवं स्टाफ के साथ आंगनबाड़ी केंद्र पहुँचे, जहाँ बच्चों ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया। उन्होंने बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और अपने बचपन की यादें साझा कीं।जन्मदिवस अवसर पर उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के सभी बच्चों को उपहार वितरित किए, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह और खुशियों का वातावरण देखने को मिला।कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग से अधिकारी श्रवण कुमार नागल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एसडीएम की इस प्रेरणादायी पहल की सराहना की।



# श्रीरामशरणम गुना द्वारा प्रथम बृहद् श्री अमृतवाणी सत्संग संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

चाचौड़ा श्रीरामशरणम्‌ परिवार, गुना द्वारा प्रथम बार भव्य श्री अमृतवाणी सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दोपहर 3:00 से 4:00 बजे तक सानन्द संपन्न हुआ।सत्संग में सामूहिक सस्वर श्री अमृतवाणी पाठ तथा परम पूज्य श्री विश्वामित्र जी महाराज द्वारा राम नाम के महत्व पर प्रेरक प्रवचन हुए। इससे पूर्व 2:30 से 2:55 बजे तक संगत ने भजन-कीर्तन का आनंद लिया।कार्यक्रम में चाचौड़ा, गुना एवं आसपास के 2000 से अधिक साधक उपस्थित रहे। सभी वर्ग, विशेषकर अनेक विद्यार्थी, सत्संग में उत्साहपूर्वक शामिल हुए।राम नाम दीक्षा – 671 नवीन साधक जुड़ेसत्संग उपरांत आयोजित दिव्य राम नाम दीक्षा समारोह में कुल 671 साधकों (देवियाँ 387, पुरुष 284) ने दीक्षा प्राप्त कर श्रीरामशरणम्‌ के साधना कुल में प्रवेश का सौभाग्य पाया।सत्य साहित्य विक्रयसत्य साहित्य विक्रय केंद्र से 8700 की पुस्तकें वितरित हुईं।श्रीरामशरणम्‌ – 100 वर्ष पुरानी आध्यात्मिक संस्थाश्रीरामशरणम्‌ एक विशुद्ध आध्यात्मिक संस्था है, जिसकी स्थापना



संत शिरोमणि सदगुरुदेव श्री स्वामी सत्यानंद जी महाराज ने वर्ष 1925 में डलहौजी (हिमाचल प्रदेश) में की।संस्था का उद्देश्य— राम नाम भक्ति, सेवा, सिमरन, ध्यान के माध्यम से साधक को अंतर्मुखी बनाकर ईश्वर प्राप्ति की ओर अग्रसर करना।सद्गुरुदेव स्वामी सत्यानंद जी महाराज के बाद यह कार्यपूज्य संतश्री प्रेमजी महाराज,तथा वर्तमान में पूज्य स्वामी डॉ. विश्वामित्र जी महाराज द्वारा देश-विदेश में विस्तार पा रहा है।संस्था का अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय लाजपत नगर, नई दिल्ली में स्थित है।गुना जिले में कमला भवन, नयापुरा में 35 वर्षों से नियमित श्रीअमृतवाणी सत्संग आयोजित हो रहा है।गुना में नवीन विशाल आध्यात्मिक प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण भी गुप्त गंगा रोड, पंचमुखी आश्रम के पीछे तीव्र गति से चल रहा है।

# अभिमान रहित होकर सात दिन भागवत कथा सुनने से हो जाता है मोक्षः आचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से मांझा नई पुत्रवती हो जाती है प्रेत योनि प्राप्त करने वाला मोक्ष प्राप्त कर लेता है भागवत कथा कथा सुनने से व्यक्ति का अहंकार ही खत्म नहीं होता बल्कि निर्मल ज्ञान प्राप्त करता है। अपने से बड़ों को संसम्मान देने का संस्कार मिलता है। देव ॠषि नारद जी ने व्यास जी को अपने पूर्व जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि हमने संतो की सेवा की इसका फल मिला कि हमको भगवान का साक्षात्कार हुआ और ब्रह्मा के पुत्र के रूप में हमारा जन्म हुआ व्यास जी नारद जी की बात सुनकर दुखित मां होने के बाद शांति को प्राप्त किया।

व्यास जी ने भागवत कथा अपने पुत्र सुखदेव को सुनाई जो परमात्मा में ध्यान मग्न हो गए थे लेकिन कथा श्रवण करने मात्र से ही ध्यान छोड़कर पिता से भागवत कथा को श्रवण किया। इसी क्रम में सुखदेव जी द्वारा राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाने का गंगा तट पर अवसर मिला राजा परीक्षित अपने राज्य में सभी प्रजा को हर प्रकार से प्रसन्न किया। लेकिन कलजुग ने परीक्षित से कहा कि जहां तक दृष्टि जाती है वहीं तक आपका राज है मैं आपके राज को छोड़कर कहां जाऊं मुझे रहने का उचित स्थान बताओ तो उन्होंने चार जगह बताई जहां पर शराब पी जाती हो, वेश्यावृत्ति हो जुआ खेला जाता हो ऐसी जगह पर निवास करो लेकिन कलजुग ने कहा हमें उचित स्थान दो, इस पर स्वर्ण में निवास का स्थान दिया और कलजुग जो राजा के सर पर रखे हुए सोने के मुकुट में प्रवेश किया और उनसे गलती कर दी। शमीक ॠषि के आश्रम जाकर उन्होंने उनके गले में मरा हुआ सर्प डाला जिससे सृंगीॠषि ने उनको साथ दिन में ही तक्षक सर्प से कटने के बाद मृत्यु का श्राप दे दिया इसलिए कहा गया है कि संतों से कभी मजाक ना करें और उनका अपमान ना करें नहीं तो परिणाम में जीवन समाप्त हो जाता।

# 75 लीटर अवैद्य कच्ची शराब जब्त

### 1000 लीटर कच्ची शराब बनाने का लाहान नष्ट



**अशोकनगर।** ग्राम मूडरा बहादरा चक्क में अवैद्य शराब के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्यवाही कर 75 लीटर अवैद्य कच्ची शराब जप्त व 1000 लीटर कच्ची शराब बनाने का लाहान नष्ट किया गया। उल्लेखनीय है कि 25 दिसंबर को अवैध शराव की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा टीम गठित कर थाना प्रभारी पिपरई, निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा, थाना प्रभारी मुंगावली उनि. अरविंद सिंह कुशवाह, थाना प्रभारी सेहराई उनि. धर्मेश दाँगी एवं थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि. नीलम सिंह यादव को अवैध शराव के विरूद्ध कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा ग्राम मूडरा बहादरा चक्क में पारदियों के डेरों में दबिश दी गई व घरों के आसपास तलास की गई तो संदेही गिन्दा पारदी के बगल में बने पुराने शौचालय में तीन सफेद रंग की कैनों में 75 लीटर अवैध कच्ची शराब जप्त की गई व उसके घर के पीछे से करीबन 1000 लीटर कच्ची शराब बनाने का लाहान टंकियों में भरा मिला, जिसे पुलिस टीम द्वारा मौके पर नष्ट किया गया। संदेही गिन्दा पारदी के विरुद्ध आबाकरी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीवद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पिपरई निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा, थाना प्रभारी मुंगावली उनि. अरविंद सिंह कुशवाह, थाना प्रभारी सेहराई उनि. धर्मेश दाँगी एवं थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि. नीलम सिंह यादव व उनकी टीमों की मुख्य भूमिका रही है।

# श्री आनंदपुर ट्रस्ट के दो महात्माओं ने दिया अपने पद से इस्तीफा

### शब्द विवेकानंद नंद, महात्मा विचार निर्लेप आनंद के नाम शामिल



**अशोकनगर।** अशोकनगर जिले की ईसागढ़ तहसील में स्थित श्री आनंदपुर ट्रस्ट जो देश विदेश में प्रसिद्ध है जहां बीते बरसों से चल रही अनियमितताओं को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणजनों से विवाद लगातार बढ़ने के बाद और कलेक्टर आदित्य सिंह के हस्तक्षेप के बाद क्षेत्र में शांति बनाए रखने और वाद विवादों पर अंकुश लगाने के बाद दो ट्रस्टियों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है, जिसे आनंदपुर प्रबंधन कमैटी ने स्वीकार कर लिया है।

श्री आनंदपुर ट्रस्ट से हटाए गए क्षेत्रीय मजदूर और उनकी जमीनों पर कब्जा करने जैसे गंभीर आरोप महात्मा शब्द विवेकानंद उर्फ सुरेंद्र पर लगाए गए जो वर्ष 2019 में श्री आनंदपुर ट्रस्ट दरबार की शरण में आए और 2025 तक के इन 6 वर्षों के कार्यकाल में अपनी मनमानी करने के कारण क्षेत्रीय ग्रामीणों के विरोधी बन गए जिसको लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों ने तहसीलदार, एसडीएम, पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को कई ज्ञापन दिए जिसमे विधायक एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया से भी क्षेत्रीय ग्रामीणों का एक दल चंदेरी में 12 अक्टूबर को मिला और श्री आनंदपुर ट्रस्ट से जुड़े कुछ महात्माओं और उनके परिजन द्वारा क्षेत्रीय लोगों की जमीनों पर कब्जा करना एवं मारपीट जैसे गंभीर आरोप के आवेदन देकर अवगत कराया तथा ट्रस्ट में महात्माओं की मनमानी चल रही है जिसमें महात्मा शब्द विवेकानंद उर्फ सुरेंद्र की तानाशाही से ग्रामीण काफी ज्यादा परेशान हुए है। जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री कार्यालय तक भी पहुंच चुकी है। बढ़ते विवाद के बाद उन दोनों ट्रस्टीयों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है जिन्हे प्रबंधन कमैटी ने स्वीकार कर लिया है और उन्हें सभी दायित्वों से मुक्त कर दिया गया है।

# वीर बाल दिवस पर सांदीपनि शासकीय स्कूल में प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

महिला एवं बाल विकास विभाग, अशोकनगर द्वारा सांदीपनि शासकीय स्कूल (सीएम राइज), अशोकनगर में शुक्रवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर एक गरिमामय एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु गोबिंद सिंह के साहिबज़ादों साहिबज़ादा जोरावर सिंह एवं साहिबज़ादा फतेह सिंह के अद्वितीय साहस, बलिदान एवं धर्मनिष्ठा को स्मरण कर बच्चों में वीरता, आत्मसम्मान एवं नैतिक मूल्यों का विकास करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के छायाचित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात कार्यक्रम विधिवत प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिवप्रताप सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे। विशेष अतिथि एवं कार्यक्रम के मुख्य बक्ता हितेंद्र बुधौलिया शामिल हुए, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य तरुण रस्तोगी द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीर बाल दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सभी विद्यार्थियों को सुनाया गया, जिसे बच्चों ने पूरे ध्यान एवं उत्साह के साथ सुना। मुख्य अतिथि शिव प्रताप सिंह रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वीर बाल दिवस हमें यह संदेश देता है कि साहस, सत्य और धर्म की रक्षा के लिए उम्र कभी बाधा नहीं बनती। साहिबज़ादों का बलिदान आज की युवा पीढ़ी के लिए अमर प्रेरणा है। प्राचार्य तरुण रस्तोगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं बल्कि संस्कार निर्माण की प्रयोगशाला है, और वीर बाल दिवस जैसे आयोजन विद्यार्थियों को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ते हैं।

#### प्रतियोगिताएं एवं सम्मान

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा निबंध प्रतियोगिता, ड्रॉइंग एवं चित्र प्रदर्शन में उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा शील्ड एवं गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों का उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। कार्यक्रम का मंच संचालन सतपाल सिंह जाट, ब्लॉक समन्वयक (स्वच्छ भारत मिशन) द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक तृप्ति शर्मा, कार्यक्रम की सहयोगी संस्था रघुकुल सेवा समिति के प्रतिनिधि जमील अली, हैदर खान सहित शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रभारी रॉकेट लर्निंग संस्था के जिला समन्वयक विपिन रघुवंशी द्वारा अंत में सभी अतिथियों, सहयोगी संस्थाओं, विद्यालय प्रशासन एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# मध्यप्रदेश लेखक संघ इकाई द्वारा सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश लेखक संघ इकाई अशोकनगर द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती, तुलसी पूजन दिवस तथा वीर बालक दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर 25 दिसंबर को सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश विरथरे रहे। विशेष अतिथि के रूप में सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल, पठार के प्राचार्य जगदीश शर्मा एवं सरस्वती स्कूल गौशाला के प्राचार्य पवन दुबे सम्मिलित हुए।




गोष्ठी की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सुभाष जैन सरल ने की, कार्यक्रम का संचालन सुधीर गुप्ता ने किया। अतिथियों द्वारा मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पूजन अर्चन से गोष्ठी का शुभारंभ हुआ। सरस्वती वंदना कवि जगदीश शर्मा सहज ने की। मुख्य अतिथि दिनेश विरथरे ने पौराणिक संदर्भों की कविता प्रस्तुत करते हुए कहा जब सिंधु तोड़ता मर्यादा तो महा प्रलय आ जाती है, सारी दुनिया कुछ ही पल में चिर निद्रित सो जाती है। काव्य गोष्ठी में सुभाष जैन सरल ने अटल जी को समर्पित कविता अटल जी महान थे, भारत भूमि की शान थे। भारत मां के सच्चे सपूत, भारत की पहचान थे प्रस्तुत की। सुधीर गुप्ता ने आधुनिक संदर्भ में यश के प्रश्न व्यंग्य रचना पढी, जिसे खूब तालियां मिली। जगदीश शर्मा सहज के गीत बांट कर भगवान को इंसानियत भुलाई, देश दुनिया में छिड़ी है धर्म की लड़ाई पसंद की गई। भागचंद जैन के गीत नए वर्ष में नए अरमान लेकर आइए ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। दूधनाथ मधुकर ने अपनी सुरीली आवाज में गीत प्रस्तुत करते हुए अपना गांव था भोला भाला पर लोगों ने बेच दिया, आंगन में दीवार डालकर घर का आंगन बेच दिया, खूब तालियां बटोरी। प्रेम नारायण श्रीवास्तव ने भूख तन मन बुद्धि एवं आत्मा को लगती तन की भूख भोजन, सुख मन की भूख होती से श्रोताओं को आनंदित किया। एल एन सोनी ने अपनी रचना आईने में नेताओं को चित्र की जगह चरित्र दिखता, तो नेता कभी भी आईना न देखता, पढ़कर लोगों को खूब हंसाया। राजेश श्रीवास्तव ने मनुष्य जीवन की व्यथा व अपने कर्तव्य की भावनाओं का अवलोकन करना अनिवार्य है नामक रचना पढी। छोटी बालिका ख्याति शर्मा ने वीर बालक दिवस के संदर्भ में जोश की रचना उन सभी बलिदानियों को राष्ट्र करता है। नमन कारगिल की चोटियों पर युद्ध लड़ने जो गए खूब सराही गई। कवियत्री सलोनी पाल के गीत बिन सावन बरसे, खूब यह तरसे, नैन अभागे म्हारे, यह जगत सताये, अति दुख पाए, ने समां बांध दिया। गोष्ठी में जगदीश शर्मा प्राचार्य एवं पवन कुमार दुबे प्राचार्य ने भी अपने गीतों की प्रस्तुति दी।

### वीर बाल दिवस के अवसर पर संदीपनि विद्यालय में आयोजन हुआ

**पिपरई।** पिपरई में वीर बाल दिवस के अवसर पर संदीपनि विद्यालय मैं आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि रविंद्र नाथ शुक्ला, सांसद प्रीतिनिधि लाखन कटारिया, भाजपा मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र सिंह यादव, प्रचार्य मगलेश शर्मा, बरिष्ठ कार्यकर्ता मोतीलाल धाकड़े एवं सभी छात्र और छात्राएं मौजूद रहे। सिखों के दशमे गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के वीर सपूत,साहिबजादा जोरावर सिंह जी एवं साहिबजादा फतेहसिंह जी के बलिदान दिवस के निमित पर जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता मोतीलाल धाकरे ने अपने उद्बोधन में सिक्ख धर्म के दसवें गुरु गोविंदसिंह एवं उनकी मां, पत्नी सहित चारों बेटों के राष्ट्र-धर्म के रक्षा यज्ञ में निज प्राणों की आहुति का क्रमशः घटनानुसार अंतर्मन को पिघला देने वाला वर्णन करते हुए आज के दिवस को वास्तविक बाल दिवस मनाना ही सार्थकता है।

## खबर संक्षेप

### नवाकुर संस्था व समिति ने किया बोरी बंधन

**पिपरई।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मुंगावली की सेक्टर क्रमांक 5 पिपरई की नवाकुर संस्था श्री मां गौरी जन शिक्षा सेवा समिति ग्राम सेमरी टंकी तथा ग्राम विकास समिति मुडरा भादरा ने मिडिल स्कूल के सामने वाले नाले पर जल संचय अभियान के अंतर्गत बोरी बंधन किया तथा नवाँकुर संस्था के अध्यक्ष रामबाबू यादव ने बैठक कर लोगों को अभियान के बारे में बताया बोरि वंधन के कार्य में नवाकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समिति सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद रहे।
26 दिसम्बर फोटो न.22 बोरी बंधान का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिंघवासा निवासी देवेन्द्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रोहित केवट और उसके साथी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरखेडा गौड निवासी सटरू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी श्याम अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मथाना निवासी राजपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हल्के और सौरभ यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### फांसी लगाकर अधेड़ ने की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत रामबाग निवासी कल्याण कुशवाह उम्र 58 साल ने बालाजी मंदिर के पास मुन्ना सिंघई के खेत में सागौन के झाड के पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### अज्ञात चोर घर में घुसकर जेवर चोरी कर ले गया

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम ईदौर में अज्ञात बदमाश घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। इस घटना की रिपोर्ट श्यामलाल साहू ने की है जिसमें कहा गया है कि सोने चांदी के गहने व नगदी कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया।

### ऑटो की टक्कर से युवक को चोटे आईं

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत कटरा मोहल्ला निवासी महरून निशा पत्नी जलील खान उम्र 45 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ऑटो वाहन जिसका नम्बर एमपी 67 आर 1132 के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसके पति को टक्कर मार दी जिससे उसके पति को चोटे आईं हैं।

### सामान्य सभा की बैठक 30 दिसम्बर को होग।

**अशोकनगर।** जिला पंचायत अशोकनगर की सामान्य सभा की बैठक 30 दिसम्बर 2025 को दोपहर 01 बजे से कार्यालय जिला पंचायत अशोकनगर के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा संबंधित अधिकारियों को बैठक में नियत समय पर जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

### ग्राम टकनेरी में गरीबों को कंबल वितरित किए



**अशोकनगर।** करूनानिधि सेवा समिति अशोकनगर ने ठंड से बचने के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी टकनेरी बस्ती में जाकर बुजुर्ग महिला पुरुष बेसहारा एवं दिव्यांग विधवा महिलाओं की जानकारी लेकर उनके नाम लिखें और बाद में जाकर उनको कंबल भेंट किए। इस अवसर पर करुणा निधि सेवा समिति के अध्यक्ष माधव सिंह रघुवंशी ,कोषाध्यक्ष पारस चंद जैन और सचिव रामबली सिंह डांगरा,शह सचिव प्रदीप शर्मा, मानक चंद जैन आदि उपस्थित रहे।

### साहिबजादों के जीवन और बलिदान पर आधारित फिल्म भी दिखाई

# साहिबजादों की शहादत को किया याद नम आंखों से दी विनम्र श्रद्धांजलि







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर सिटी सेंटर गांधी पार्क पर आयोजित सत्संग समागम में ज्ञानी गुरबचन सिंह जी ने सिक्ख इतिहास के अहम प्रसंग शहीदी गुरु तेग बहादुर जी एवं सरबंस दानी धंन श्री गुरु गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जी के लाडले महान वीर सपूत धन बाबा फतेह सिंह जी धन बाबा जोरावर सिंह जी श्री फतेहगढ़ साहिब जी का अलौकिक इतिहास श्रवण कराया।

ज्ञानी जी ने पावन इतिहास का वर्णन करते हुए वचनों में जिक्र किया कहा कि विश्व इतिहास की अनोखी शहादत है जब दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी से झूठे वादे करके औरंगज़ेब आनंदपुर साहिब का किला खाली करवाया, उपरांत गुरु साहिब जी वहां से निकलकर सरसा नदी के पास पहुंचे तो वहां पर मुगल फौज ने हमला किया वहां पर घमासान युद्ध हुआ जिसमें गुरु जी का परिवार बिछढ़ गया बडे साहिबजादे बाबा अजीत सिंह साहब जी बाबा जुझार सिंह जी और 40 सिखों ने चमकौर की घड़ी में डटकर मुकाबला किया मुगलों की 10 लाख सेना को लोहे के चने चबवाऐ। दूसरी और छोटे साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह जी उमर 9 साल बाबा फतेह सिंह जी उमर 7 साल और उनके दादी माता गुर्जर कौर जी 80 साल को गंगू ब्राह्मण ने जो ब्राह्मणों के नाम पर यह कलंकित था, इसने वजीर खान के दरबार सरहिंद जो आजकल पंजाब में है फतेहगढ़ साहिब नाम से जाना जाता है वहां गिरफ्तार करवा दिया साहबजादों ठंडाई बुर्ज रखा गया। पीने के लिए पानी खाने के लिए रोटी पहनने के लिए कपड़े भी न दिए गए बहुत से जुल्म वजीर खान के दरबार में हुए। वीर सपूतों को पत्थरों से भी मारा गया हाथों की उंगलियों को तोड़ने का यत्न किया। भारी से भारी कष्ट दिए लेकिन फिर भी साहिबजादे अपने धर्म ईमान पर स्थिर रहे डोले नहीं आखिर नवाब वजीर खान ने काजी मौलाना से कहा फतवा जारी करो सजा फतवा सुनते हुए कई ने कहा साहिबजादा जोरावर सिंह जी साहिबजादा बाबा फतेह सिंह जी को जिंदा दीवार में चुन के शहीद करने का हुक्म दिया जिस वक्त साहिबजादे दीवार में चुने जा रहे थे तो उन्होंने निडर होकर जपजी साहिब का पाठ किया एवं गुरु तेग बहादुर जी गुरु गोविंद सिंह जी को याद अत्यंत दुख भरी पीड़ा सहते हुए साहिबज़ादे शहीद हो गए जब गुरु गोविंद सिंह जी को यह खबर पहुंची कि साहिबजादे शहीद हो गए हैं तो गुरु पिताजी ने उसे काल पूर्वक परमात्मा वाहेगुरु का शुक्र करते हुए कहा मेरा मुझ में कुछ नहीं जो कुछ है सो तेरा तेरा तुझको सौंपते क्या लगे मेरा ऐसे महान गुरु ऐसे महान योद्धा उनको शत-शत नमन है। सिख इतिहास का यह प्रसंग वीरता और कुर्बानी की मिशाल है मौत मंजूर की लेकिन अपने धर्म से नहीं डोले। ज्ञानी गुरबचन सिंह जी एवं पंजाब से आए जथे ने साहिबजादाओं का वीरता एवं अनोखी शहादत्त श्रवण कराई। उपरांत भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा भारत देश के यदि कोई मेरी नजर में राष्ट्रपिता हैं तो वह श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज है वीर सपूत बाबा जोरावर सिंह जी बाबा फतेह सिंह जी उनकी जीवन गाथा ब्याह करते आलोक तिवारी भावुक हुए रोम रोम शत-शत नमन किया। गुरुसिंह सभा के अध्यक्ष सतपाल सिंह सचिव राजपाल सिंह गुरुद्वारा के हेड ग्रन्थी बकशीस सिंह नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया जिला उपाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह यादव जिला महामंत्री सीला जाटव सलिल त्रिपाठी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष एवं आयोजन के संयोजक मलकीत सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया धर्मेंद्र रघुवंशी जिला सह संयोजक ने सहयोग किया।

**वीर बालक दिवस पर स्कूली छात्र छात्राओं को जानकारी दी गई:** बड़खेड़ी-गुना रोड स्थित संस्कार अकैडमी स्कूल में आज वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान और वीरता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही बच्चों को साहिबजादों के जीवन और बलिदान पर आधारित फिल्म भी दिखाई गई, जिससे वे उनके साहस, त्याग और दृढ़ संकल्प से प्रेरित हो सकें। विद्यालय के निदेशक 'राजदीप सिंह' ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वीर बाल दिवस के महत्व तथा साहिबजादा फतेह सिंह और साहिबजादा जोरावर सिंह के जीवन से मिलने वाली प्रेरणाओं के बारे में बताया।

### 4 साहिबजादों के बलिदान को किया याद

## वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में लगाया बाल मेला



**अशोकनगर।** वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल मेले गुरू गोविंद सिंह साहब के दोनों पुत्रों की शहादत को याद करने और उनको श्रद्धांजलि देने के लिए 26 दिसंबर को ग्रीन फ्यूचर स्कूल में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जनवरी 2022 को 26 दिसंबर को हर साल वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। बच्चों को प्रेरणा देना के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक संजय नागर एवं शिक्षा विभाग से डीपीसी राहुल शर्मा उपस्थित हुए। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया उसके पश्चात अतिथि परिचय स्वागत एवं अतिथियों का मार्गदर्शन समस्त बच्चों को प्राप्त हुआ। अतिथियों ने बच्चों द्वारा लगाई गई बाल मेले में विज्ञान से संबंधित बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल का निरीक्षण किया एवं बच्चों से मॉडल के बारे में समस्त जानकारी प्राप्त की। उसके पश्चात बच्चों द्वारा लगाई गई दुकानों का निरीक्षण करते हुए बाल मेले में व्यंजनों का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम के अंत में आभार विद्यालय की प्राचार्य रेखा शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया एवं साथ में समस्त स्टाफ उपस्थित रहा स्टाफ में केपी नामदेव प्रबंधक, (ग्रीन फ्यूचर स्कूल) रानी कश्यप प्रभारी(आनंद पब्लिक स्कूल) उमा लोधी, कंचन श्रीवास्तव, भारती नरवरिया, मुनेश पाल, शेरसिंह जाटव, सतीश लोधी, अंजलि लोधी, मोहिनी रजक, शीतल, प्रवेश प्रजापति, सिद्धि शर्मा,दीपिका साहू, मोनिका कुशवाह, मोनिका प्रजापति, सोनम माली, सुनील अहिरवार, अनिकेश यादव, शिवराज रघुवंशी,शिवानी रघुवंशी, सतीश लोधी, चाइना, आरती गुर्जर, सुप्रभा, संजना यादव, समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### पिपरई भाजपा मंडल ने अटल जी का स्मरण किया



**पिपरई।** भाजपा मंडल पिपरई ने देश के प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101 वी जन्मजयंती मनाई गई। सर्ब प्रथम भारत रत्न बाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रधानमंत्री के जीवन पर प्रकाश एबं उन्होंने जो देश के लिए कार्य किये है उस पर सभी को चलने की प्रेड़ना दी इसी के साथ सुशासन दिवस मनाया।

## जीवन में गुरू बनने के साथ मर्यादा में रहना भी जरूरी है: बाबा सतनाम सिंघ





**अशोकनगर।** संत बाबा सतनाम सिंघजी ने जीवन में समर्थ गुरु की महत्ता का जिक्र करते हुए कहा कि गुरु वाले बनना अत्यंत जरूरी है। गुरु वाले बनकर गुरवाणी पढ़े, सेवा-सिमरन करे एवं अपने जीवन रहते मर्यादा में पूरा रहे तब इसे आत्म ज्ञान गुरु की कृपा से होता है। गुरवाणी धरती की तरह है जिसमे नाम को बोया जाता है तो आत्म ज्ञान रूपी फल लगता है। उन्होंने कहा कि जीव आया ही गुरवाणी पढ़ने और सुनने के लिए है जो भी गुरवाणी को मानेगा वो अपने परिवार को सुधार लेगा। आज के समय में ज़मीन जायदाद बनाने से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है कि मनुष्य अपने बच्चों को सुधारे। जब तक मनुष्य गुरमुख नहीं बनता तब तक ऑखों में विकार हैं। गुरु मंत्र का जाप कर कर के ही आत्मबोध होता है इसका निरंतर जाप ही मन को निर्मल कर देता है जो निगुरे हैं उन्हें निकृष्ट योनियो में जाना पड़ता है। दूसरी पातशाही श्री गुरु अंगद साहिब जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बाबाजी ने बताया कि किस तरह श्री गुरु नानक साहिब जी के वचनों को कमाकर आप जी श्री गुरु नानक जी का रूप ही बन गए। सबसे बड़ी सेवा गुरु की आज्ञा मानना ही है इसलिए हम सबको चाहिए कि गुरु द्वारा बताए हुए मार्ग पर चलकर जीवन सफल करें। 13, 14 एवं 15 फरवरी को हर साल की तरह महान गुरमत समागम श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350 वी सालाना शहीदी को समर्पित हैं। 15 फरवरी को अमृत संचार भी होगा जो भी निगुरे हैं वो अमृत पान कर श्री गुरु ग्रंथ साहिब को गुरु धारण कर जन्म सफल करें। गुरु का लंगर अटूट बरसता रहा। सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 20 वर्ष से फरार हत्या के प्रकरण में स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार




**ईसागढ।** उल्लेखनीय है कि दिनांक 07.11.2006 को फरियादी हनुमंत सिंह पुत्र सिरनाम सिंह लोधी उम्र 47 साल निवासी कदवाया ने पुलिस चैकी कदवाया थाना ईसागढ में रिपोर्ट की थी जिसमें तुला उर्फ तुलाराम पुत्र सुकुआ जाटव ने मृतक फैलीराम पुत्र प्यारेलाल जाटव उम्र 55 साल की मारपीट की थी जिस पर से धारा 307 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। बाद में फैलीराम की मृत्यु हो जाने से अपराध में धारा 302 भादवि इजाफा की गई थी। घटना दिनांक से ही आरोपी तुला उर्फ तुलाराम पुत्र सुकुआ जाटव निवासी कदवाया अपने परिवार के साथ फरार चल रहा था। जिसके संबंध में न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी कदवाया निरी. मनीष जादौन को उक्त प्रकरण के फरार स्थाई वारंटी की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में सूचना प्राप्त हुई कि उक्त प्रकरण के फरार स्थाई वारंटी विचोली मर्दाना इंदौर में मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहा था। जिसके बाद टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## युवा संगम कार्यक्रम में 171 से अधिक युवाओं का हुआ प्रारंभिक चयन

### 476 हितग्राहियों को 2 करोड़ 26 लाख का किया हितलाभ वितरण



**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश जैन के मार्गदर्शन में शुक्रवार को रघुवंशी धर्मशाला अशोकनगर में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 08 कम्पनियों द्वारा भाग लिया गया। इस दौरान 171 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया एवं कंपनियों द्वारा 120 आकांक्षी युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किये गए। युवा संगम में प्रदेश की निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां शामिल हुई जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए ऑफर लेटर उपलब्ध कराये गये।

**विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ के 476 हितग्राहियो को रूपये 2 करोड़ 26 लाख का किया गया हितलाभ वितरण:** कार्यक्रम में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित 476 स्वरोजगार योजनाओ के हितग्राहियो को 2 करोड़ 26 लाख का रुपए का हितलाभ वितरण किये गए।जिसमें नगर पालिका द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, पीएमएफएमई योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह आदि योजनाओं के तहत हितग्राहियो को लाभान्वित किया गया।

#### उपस्थित युवाओं को नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

युवा संगम में शासन आदेशानुसार अब युवा संगम में युवक युवतियों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी, नशामुक्ति की जानकारी, दी गई और शपथ दिलाई गई और इसके साथ ही कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी भी युवाओं को उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति अभियान के दौरान जिला चिकित्सकों द्वारा युवाओं और हितग्राहियो का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सपना अहिरवार, ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक अवनीश अग्निहोत्री, आईटीआई से प्रशिक्षण अधिकारी दानिश दुर्रानी, एवं रोजगार विभाग से हर्षित माथुर सहित अन्य आधिकारी /कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नशा मुक्ति की शपथ रणजीत सिंह लोधी द्वारा दिलाई गयी एवं कार्यक्रम का संचालन किया गया।

### कदवाया में मुनिश्री की अगवानी पर समाजजनों ने किया स्वागत, हुए कई अनुष्ठान

# अच्छे रास्ते आते हैं तो हम दौड़ लगा देते हैं और रास्ता बुरा हो तो चलना मुश्किल हो जाता है: मुनि पुंगव सुधासागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने अशोकनगर की सीमा से शिवपुरी जिले की सीमा में प्रवेश करते समय धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे रास्ते आते हैं तो हम दौड़ लगा देते हैं और रास्ता बुरा हो तो चलना मुश्किल हो जाता है, प्रकृति वैलेस मिलाती है प्रकृति की व्यवस्था है वह हर स्थिति से निपटती चली जाती है प्रकृति वह प्यार भी करती हैं और दंड देने का भी अधिकार भी उसी को है। जब बेटा गलती करता है अपराध करता है तो मां उसे दंडित करती है यदि दंडित नहीं करेंगे तो बच्चे का भविष्य अंधकारमय हो जायेगा।

उन्होंने कहा कि ऐसे ही प्रकृति मां है वह आपको बहुत चाहती है लेकिन आप गलती करते हैं तो वह दंड देती है। यह सारी व्यवस्थाएं विपरीत होती है फिर भी उसे करना पड़ता है प्रकृति नहीं चाहती कि आपको दंड मिले लेकिन यदि हम गलती करेंगे तो हमें प्रकृति भी नही वकसेगी। हम अज्ञानी है हमें डांटने वाली मां, पढ़ाने वाले शिक्षक, प्रशासनिक व्यवस्था बनाने वाले पुलिस कर्मी, न्याय देने वाले न्यायाधीश इनको अधिकार दिया गया है। भारत की व्यवस्था में व्यक्ति ईश्वरीय शक्ति से डरता है। भारतीय व्यक्ति किसी से नहीं डरता एक भारतीय सैनिक और आठ विदेशी सैनिकों पर भारी पड़ता है। भारतीय डरता है तो वह परम पिता परमेश्वर भगवान से डरता है। वह ऐसा सोचता है कि मैं कुछ भी कर लूं पर मुझसे ऐसा कोई काम न हो जाए कि परमात्मा मुझे माफ न करे।



#### कदवाया में मुनि श्री की भव्य अगवानी की गई

सुप्रसिद्ध जैनाचार्य राष्ट्र संत निर्यापकाचार्य मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ वर्णी श्री गम्भीर सागर जी महाराज ससंघ का अशोकनगर से विहार करते हुए आज प्रातः काल की वेला प्राचीन नगरी कदवाया नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ जहां नगर के बाहर सरपंच महेन्द्र शर्मा, डॉ निर्मल जैन, सुनील मंगलदीप, ईसागढ़ नगर पालिका अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह यादव, अशोकनगर जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल, ईसागढ़ जैन समाज के मंत्री राजेश जैन, रतिराम कोहरवास सेवा दल के प्रमुख जैन समाज अशोकनगर मंत्री विजय धुर्रा सहित अन्य प्रमुख जनो ने भव्य आगवानी की।



#### विशाल जूलूस के साथ पचराई तीर्थ पर हुआ भव्य मंगल प्रवेश

दोपहर वाद परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनिश्री सुधा सागर जी महाराज ससंघ का कदवाया से विहार कर अतिशय क्षेत्र पचराईजी पहुंचे। जहां उन्हें एक भव्य शोभायात्रा के रूप में विशाल जूलूस निकालकर समारोह को आगे बढ़ाया। इस भव्य शोभायात्रा में आगे आगे बैन्ड वाज़े उनके पीछे घोड़े पर सवार विश्व शांति का ध्वज लिए युवा शक्ति उनके पीछे खनियांधाना सेवा दल उनके पीछे अशोक नगर जैन युवाओ का समूह जय जय कार करने हुए इसके बाद माहिला मंडल उसके पीछे श्रमण संस्कृति सेवा दल उनके पीछे महिला मंडल दिव्य धोष इसके पीछे भक्त मंडल इसके बाद डी जे की धुन पर नृत्य करते हुए खनियांधाना पंच कल्याणक महोत्सव समिति इसके बामौर का दल बैन्ड बाजे इसके बाद इसके बाद संगीत मंडल भजन कीर्तन करते हुए नाचते गाते चल रहे। इसके बाद श्रद्धालुओं से घिरे का मुनि संघ के साथ जय जय कार करने हुए चल रहा था इस दौरान स्थान स्थान पर भक्तों द्वारा पाद प्रक्षालन आरती उतार कर दिल्ली पुलिस के पूर्व डीजीपी शान्त कुमार कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश जैन महामंत्री, डॉ चकेश जैन, एसडीएम ममता शाक्य, तहसीलदार रिषि कांत, एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने महा अगवानी कर श्री फल भेंट किये। इसके पहले जिले की सीमा पर अशोकनगर जिला कलेक्टर प्रतिनिधि एसडीएम तहसीलदार रोहित रघुवंशी नायव तहसीलदार परमार सहित जिले के अधिकारियों ने राष्ट्रसंत को भावभीनी विदाई दी।

इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि अशोकनगर जिला प्रशासन ने बहुत ही सुन्दर व्यवस्थाओं को बनाया और लगातार छ माह से सारी व्यवस्था को संभाल रहे हैं। अशोक नगर समाज हृदय भाव से धन्यवाद करता है। इस दौरान तहसीलदार रोहित रधुवंशी ने कहा कि परम पूज्य के रहते पूरे जिले का जो माहौल था उसमें एक अलग ही शुकुन और शान्ति वह रही थी।

स्टोर रूम में रखा खरीदी का समस्त रिकार्ड समेत अनेकों सामान भी जलकर हो गया राख

# अस्पताल के स्टोर रूम में लगी आग लाखों रुपए की दवाइयां हुई खाक

फायर बिग्रेड की मदद से करीब 2 घंटे में पाया जा सका आग पर काबू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल परिसर स्थित सीएमएचओ दफ्तर से संबद्ध स्टोर रूम में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लग जाने से करीब 1 करोड़ से अधिक की विभिन्न तरह की दवाईयां व सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गए। स्टोर रूम से आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठती देख तुरंत फायर बिग्रेड को बुलाया गया। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। स्टोर रूम में आगजनी की प्राथमिक वजह शार्ट-सर्किट बताई जा रही है। हालांकि, इस बात की कोई पुष्टि नहीं हो पाई है। इस आगजनी में स्टोर रूम में रखे पुराने फ्रीज, दवाईयां, खरीद-फरोख्त से जुड़े दस्तावेज, फर्नीचर सहित अन्य सामान पूरी तरह जलकर राख हो गए।

शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे के आसपास जब आसपास के स्टाफ सदस्यों व अन्य ने जब स्टोर रूम से आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठती देखी तो तुरंत फायर बिग्रेड को फोन लगाया गया। प्राथमिक रूप से इस आगजनी में लाखों रूप्ए की दवाइयां एवं उपकरण, पूरी तरह जलकर खाक हो गई जिन्हें अस्पताल में मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध करवाया जाता है। आग इतनी भीषण थी कि फायर बिग्रेड से काबू पा लिए जाने के करीब 3 घंटे बाद तक भी स्टोर रूम से धुआं उठता नजर आया। गनीमत यह रही है कि आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### तुरंत मौके पर पहुंची एसडीएम, नपाध्यक्ष

आगजनी की सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम निधि भारद्वाज, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, सीएमओ पवन अवस्थी सहित अन्य संबंधित अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और आग को जल्द से जल्द काबू पाने अपने स्तर से तमाम तरह के प्रयास किए।

### पूरे जिले में यहीं से सप्लाई होती है दवाईयां

जिला अस्पताल के सीएमएचओ कार्यालय से संबद्ध जिस स्टोर रूम में आगजनी की यह घटना हुई है वहीं से जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में दवाईयों, उपकरणों, निडल व अन्य सामानों को डिमांड के आधार पर वितरित करवाया जाता है। ऐसे में समूची दवाईयां जलकर खाक हो जाने से आने वाले दिनों में जिला अस्पताल समेत संबद्ध अन्य सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विभिन्न दवाईयों की किल्लत आने की पूरी संभावना नजर आ रही है।

### सामूहिक प्रयासों के बाद बुझ पाई आग

स्टोर रूम में लगी आग को बुझाने न केवल फायर बिग्रेड के कर्मचारियों बल्कि स्थानीय युवाओं, अस्पताल के कर्मचारियों व अन्य ने भी भरसक प्रयास किया। समीप से ही जेसीबी मंगवाकर उतने सामान को बाहर निकलवाने का पूरा प्रयास किया गया जो जलने से बच सके। हालांकि, लगभग पूरा समान ही जलकर खाक हुआ है।

### अभी नुकसान स्पष्ट नहीं...

आगजनी में कितना नुकसान हुआ है इस बारे में फिलहाल स्पष्टतः नहीं बताया जा सकता। स्टोर रूम प्रभारी व संबंधितों से जानकारी लेने के उपरान्त नुकसान की पूरी स्थिति स्पष्ट की जा सकेगी।

- डॉ. शोभा पटेल, सीएमएचओ, राजगढ़

1.50 लाख का मशरूका बरामद, आरोपियों का निकाला जुलूस

# नगर पालिका के स्टोर रूम फूलबाग में हुई चोरी का खुलासा, चार शातिर चोर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ

बीते दिनों नपा के फूलबाग स्थित स्टोर रूम में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से शत-प्रतिशत मशरूका बरामद कर लिया है, जिसकी कुल कीमत करीब 1 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों का शहर में जुलूस भी निकाला। पुलिस के अनुसार 24 दिसंबर की मध्यरात्रि नपा स्टोर रूम के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा कंप्यूटर सेट सहित अन्य सामग्री चोरी कर ली गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की छानबीन कर अज्ञात आरोपियो पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चार आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से कंप्यूटर सेट, सीपीयू, मॉनिटर, की-बोर्ड, माउस, 9 चिप, 6 बंडल तार, एक गैस सिलेंडर तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की गई।

गिरफ्तार आरोपियों में विशाल पिता गोकुल कुशवाह, दीपक पिता भंवर कुशवाह, विजय पिता जगदीश कुशवाह तथा अलकेश पिता मोतीलाल सूर्यवंशी, सभी निवासी बलवटपुर शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों का नगर के प्रमुख मार्गों से जुलूस निकालकर आमजन को अपराधियों के प्रति सख्त संदेश दिया। इस दौरान थाना प्रभारी शिवराज सिंह सहित पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## गागाहोनी शासकीय स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया गया

**लखनवास।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्कूल गांगाहोनी में शुक्रवार को वीर बाल दिवस मनाया गया इस अवसर पर गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे पुत्र साहबजादो जोरावर सिंह और फतेह सिंह के जीवन और बलिदान की वीरगाथा से विद्यार्थियों को प्रेरित किया वीर बाल दिवस कार्यक्रम में समस्त शिक्षको एवं छात्र छात्राओं ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया कार्यक्रम के दौरान बच्चों को वीर बाल दिवस के इतिहास साहिबज़ादों के अद्भुत बलिदान एवं उनके साहस धर्म और राष्ट्रप्रेम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई शिक्षको ने बच्चों को वीरता संस्कार एवं देशभक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश दिया प्राचार्य महेश चंद्र शर्मा एवं शिक्षक बृजेश चंद्र शर्मा दिनेश भूरिया मीना यादव उपस्थित रहे।

## अवैध गैस सिलेंडर से भरी पिकअप पकड़ी




**कुरावर।** शुक्रवार सुबह कुरावर के वृंदावन रेस्टोरेंट के पास गैस टंकी से भरी एक पिकअप वाहन पकड़ी गई जिसमें अवैध रूप से रखी 80 भरे गैस सिलेंडर छिपाकर रखे हुए थे। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार व पुलिस मौके पर पहुँचे तथा गैस सिलेंडर सहित पिकअप को जप्त कर लिये। नायब तहसीलदार अंगारिका कनौजिया ने कहा सुचना मिली थी की अवैध रूप सै घरेलु गैस ले जाई रही हैं , जांच की जा रही हैं की वैध हैं या नहीं। स्थानीय निवासी रोहित ने पुलिस को सूचना दी की ग्राम माना में स्थित गैस एजेंसी से रोज हि टंकियों का परिवहन होता है वही अधिकारियों ने पंचनामा कार्रवाई के बाद टंकियां कुरावर गैस एजेंसी को सुपुर्द की गईं। अवैध परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन थाने में जप्त कर जांच की जा रही हैं।

बोडा में गूंजा "गर्व से कहो हम हिंदू हैं

# धर्म ध्वज यात्रा, कलश यात्रा, हिंदू सम्मेलन व सामूहिक सहभोज के साथ आयोजन संपन्न

**ब्यावरा** - बोडा। संगठित हिंदू, समर्थ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में सकल हिंदू समाज बोड़ा के तत्वावधान में रविवार 25 दिसंबर 2025 को नगर में एक भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर में धर्म ध्वज यात्रा, विशाल कलश यात्रा, हिंदू सम्मेलन, अतिथियों का सामूहिक उद्बोधन तथा सामूहिक सहभोज आयोजित किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबियों, मातृशक्ति एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की



शुरुआत विधिविधान से धर्म ध्वज की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात भव्य कलश यात्रा गांधी चैक से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए नरसिंहगढ़ रोड स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान नगर का वातावरण भगवामय हो उठा और "गर्व से कहो हम हिंदू हैं" के उद्घोष से पूरा नगर गूंज उठा। यात्रा में श्रद्धा, उत्साह और गौरव का अद्भुत संगम देखने को मिला। भगवा ध्वजों के साथ निकली इस यात्रा ने यह संदेश दिया कि संपूर्ण हिंदू समाज एक है। "हिंदवः सोदराः सर्वे, न हिंदू पतितो भवेत" जैसे उदात्त विचारों के माध्यम से समता, सुरक्षा, संस्कृति और राष्ट्रहित के प्रति समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया गया। कलश यात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं जल पिलाकर स्वागत किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष निकिता करण जायसवाल द्वारा जेसीबी के माध्यम से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत-सत्कार किया गया। वहीं अनेक सामाजिक संगठनों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किय

## पूर्व विस प्रत्याशी ने 'हाथी' को छोड़कर थामा 'पंजे' का हाथ



**राजगढ़।** गत विधानसभा चुनावों में विधायक पद के लिए भाग्य आजमाने वाले देव वर्मा सहित विधानसभा अध्यक्ष बनवारी वर्मा ने अपने समर्थकों सहित अंततः कांग्रेस का दामन थाम लिया। गत दिवस जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व केबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह के सम्मुख इन सभी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व विधायक प्रत्याशी ने वर्मा सहित लखन चैहान, रवींद्र वर्मा, प्रशांत उपाध्याय सहित अन्य बसपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की रीति-नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की है। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक वर्मा, जगदीश सूर्यवंशी,

# करनवास हायर सेकंडरी विद्यालय सांसद खेल महोत्सव में रहा विजेता



**ब्यावरा ।** विगत 23 24 और 25 दिसंबर से सांसद खेल महोत्सव राजगढ में आयोजित हुआ जिसमें संपूर्ण ससंदीय क्षेत्र मे करनवास हायर सेकंडरी विद्यालय के छात्र-छात्राएं वॉलीबॉल में छात्र और छात्रा दोनों वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे एवं कबड्डी में उपविजेता रहे साथ ही रेस में पूरे संसदीय क्षेत्र में प्रथम स्थान विजय वर्मा शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय करनवास के रहे, इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य महोदय श्री महेश कुमार यादव जन शिक्षक लाड़ सिंह चैहान, अशोक शर्मा सर एवं विशेष रूप से उनके खेल प्रशिक्षक श्री रविंद्र सिंह तोमर जी और खबीर गोरी सर के द्वारा विद्यालय में सभी छात्र-छात्राओं का माला पहनाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर प्राचार्य महोदय के द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में खेल हमें अनुशासन एवं जीत की भावना पैदा करता है । इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा। जिसमें वरिष्ठ शिक्षिका का मंजू लता चैहान सीता डॉ अर्चना मेम , नीरा मेम, नीता मेम, मनीषा मैडम, तृषा मैडम, तब्बोसुम मैडम गीतांजलि मेम पूजा मेम जानकी मेम ,अंसारी मेम एवं वरिष्ठ शिक्षक निस्तोर तिर्की, कमलेश दांगी आदि लोग मौजूद थे।

## ओमप्रकाश भाई की दसवीं पुण्य स्मृति दिवस पर किया आयोजन



**ब्यावरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी सेवाकेंद्र के द्वारा आज 25 दिसंबर 2025 को इंदौर जोन के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक एवं मीडिया प्रभाव के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे । परम श्रद्धेय ओमप्रकाश भाई की दसवीं पुण्य स्मृति दिवस मनाई गई। इस अवसर पर भाई जी की प्रतिमा पर दीप जलाकर माल्या अर्पण किया। तथा ब्यावरा सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने भाई जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक वरिष्ठ आध्यात्मिक व्यक्तित्व थे, जो नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता के माध्यम से समाज सेवा के लिए जाने जाते थे।

## फ्यूचर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ




**सारंगपुर।** नगर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान फ्यूचर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार से दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। आयोजन का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लॉक एजुकेशन अधिकारी सुरेश बीरमाल ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इसके पश्चात विद्यालय का ध्वजारोहण एवं मशाल प्रज्वलन कर खेल महोत्सव की विधिवत शुरुआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीबीरमाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन को जीवन की सफलता की कुंजी बताते हुए उन्हें एक जिम्मेदार और सफल भारतीय नागरिक बनने की प्रेरणा दी तथा विद्यार्थियों को अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई। संस्था प्रबंधक नितिन परिहार ने बच्चों को खेल भावना के साथ खेल खेलने की सीख देते हुए कहा कि "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है।" उन्होंने खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्राचार्य ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिवर्ष खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है।

हिन्दू सम्मेलनों की कड़ी में नगर में निकाली गई ध्वज व कलश यात्रा

# 'एक संगत, एक रंगत, एक पंगत' भाव से जोड़ा जा रहा हिंदू समाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर में हो रहे हिंदू सम्मेलन की श्रृंखला में आगामी 2 जनवरी को बड़े हनुमान बस्ती एवं जलपा माता बस्ती का हिंदू सम्मेलन होने वाला है। उसी तो तैयारी को लेकर बस्तियों में ध्वज एवं कलश यात्रा निकाली गई जो बस्ती के जनपद पंचायत स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ होकर बड़ी फील्ड पहुंची जहां सम्मेलन स्थल का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी देवी सिंह सोलंकी ने कहा कि समाज का जागरण ही समाज संगठन एवं समाज परिवर्तन का माध्यम हैं। पंच परिवर्तन के विषय के माध्यम से ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को ह्रास हो सकता है।

हिंदू सम्मेलन की श्रृंखला में महावीर बस्ती एवं शीतला माता बस्ती की ध्वज एवं कलश यात्रा निकाली गई जो परायण चोक प्रांगण से प्रारंभ होकर राजमहल पहुंची। यहां सम्मेलन स्थल का भूमि पूजन किया गया। जहां वरिष्ठ समाजसेवी उदय सिंह चैहान ने कहा कि समाज का एक संगत, एक रंगत एवं एक पंगत में बैठना समय की मांग है। समाज समरस हो, कुटुंभ का प्रबोधन हो, पर्यावरण का संरक्षण हो, स्व के भाव का जागरण नागरिक शिष्टाचार का पालन यही हिंदू सम्मेलन का लक्ष्य है। उल्लेखनीय है कि आगामी जनवरी माह में नगर में तीन सम्मेलन होने वाले हैं। इसके तहत नगर के विभिन्न मोहल्लों में प्रभात फेरिया निकली जा रही हैं वहीं घरों पर भगवा ध्वज लगाए जा रहे हैं।

हिन्दू उत्सव समिति ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम व राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

# अवैध कब्जे, भूमि विवाद व राष्ट्रीय एकरूप कानूनों की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं एवं राष्ट्रीय स्तर के गंभीर विषयों को लेकर हिन्दू उत्सव समिति सारंगपुर द्वारा राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में तहसीलदार आकाश शर्मा को सौंपा गया। साथ ही समिति द्वारा राज्य मंत्री गौतम टेटवाल को भी पृथक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में समिति ने नगर में बढ़ रही असामाजिक गतिविधियों, शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों, भूमि विवादों एवं समान नागरिक संहिता सहित अनेक राष्ट्रीय विषयों पर शीघ्र ठोस कार्रवाई की मांग की है। समिति ने अवगत कराया कि नगर के टेंचिंग ग्राउंड के समीप स्थित शासकीय भूमि एवं प्राचीन चिंतामनेश्वर महादेव मंदिर देव कुआं की भूमि पर एक विशेष समुदाय द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। इससे आम रास्ते बाधित हो रहे हैं तथा धार्मिक स्थल की पवित्रता प्रभावित हो रही है। समिति ने मांग की कि उक्त अवैध कब्जों को तत्काल हटाकर सार्वजनिक रास्ते को पुनः सुचारू किया जाए तथा मंदिर की भूमि को सुरक्षित किया जाए। इसके साथ ही समिति ने दशहरा मैदान (सर्वे नंबर 1934, रकबा 4.3670 हेक्टेयर) को हिंदू समाज के नाम दर्ज भूमि बताते हुए उस पर किसी भी प्रकार के पट्टे जारी न किए जाने तथा पूर्व में हुए किसी भी अतिक्रमण को तुरंत हटाने की मांग की।



### राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख मांगें भी रखी

ज्ञापन में राष्ट्रीय स्तर पर भी कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं, जिनमें संपूर्ण देश में मदरसा शिक्षा बोर्ड को समाप्त कर समान शिक्षा व्यवस्था लागू करना,जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करना,संपूर्ण भारत में मुस्लिमों की आबादी जो कि भारत में आज लगभग 20 प्रतिशत कुल जनसंख्या की है अल्पसंख्यक का दर्जा समाप्त किया जाए। जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं। समिति ने प्रशासन से आग्रह किया कि ज्ञापन में उल्लिखित सभी विषयों पर शीघ्र ठोस निर्णय लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए, जिससे सामाजिक संतुलन एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, अशोक साहू, दिनेश सिसौदिया, वैभव पुष्पद, अनिल जैन, गोपाल पाल, कमल राठौर, सतीश राठौर, अमित सक्सेना, संजय शर्मा, जुगल चैहान, मनोज जैन, अमित दुबे, मोहन ईशान, बनारसी गिरजे, मुरलीधर सोलंकी, नवीन रुण्डवाल, राजेश बंसल, अंतरिक्ष पारीक, पवन सोलंकी, अधिवक्ता कोमल शर्मा, कुलदीप टेटवाल,दीपक विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में समिति पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।